


नवभारत 02
इंदौर, बुधवार, 09 सितंबर, 2026


## एक नजर में



### मलखंभ प्राचीन भारतीय कला की पहचान

**उज्जैन।** शरीर को साधने के लिए मलखंभ श्रेष्ठ खेल है और यह प्राचीन भारतीय कला की प्रमुख पहचान है। ऊंचाई पर पहुंचकर शरीर का संतुलन बनाए रखना एक अद्भुत कला है। यह विचार ईशा फाउंडेशन कोयंबटूर से उज्जैन आए स्वामी यास्तिर ने लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास द्वारा संचालित मलखंभ प्रशिक्षण केंद्र के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। मलखंभ प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे स्वामी यास्तिर ने खिलाड़ियों के बीच खेल की महत्ता पर विचार साझा किए और उनका उत्साहवर्धन किया। समिति के योगेश मालवीय ने बताया कि केंद्र में स्वामी यास्तिर का स्वागत न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने किया। इस अवसर पर अतिथि को प्रशिक्षण केंद्र की भावी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।




### आरडी गार्डी में मना विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**उज्जैन।** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी में 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवा, पुनर्वास और रोगियों के जीवन स्तर में सुधार लाने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उद्घाटन मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक और प्रिंसिपल डॉ. संजीव झा ने किया। इस अवसर पर मशाल प्रज्जवलित कर उद्बोधन दिया गया। समारोह में डॉ. एचके मंगल, डॉ. एनके राठौर, डॉ. जीजी पोट्टे और डॉ. पीपी अग्निहोत्री उपस्थित रहे। वहीं वक्ता के रूप में डॉ. सौरभ कर्णावट, डॉ. सौमिन धनेरिया, डॉ. अनुराग आचार्य एवं मनोविकास के सदस्यों ने अपने विचार रखे। समारोह में संकाय सदस्यों, फिजियोथेरेपिस्टों, छात्रों और स्वास्थ्य पेशेवरों ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में पुनर्वास के बढ़ते महत्व पर बल दिया। छात्रों ने जागरूकता गतिविधियों और शैक्षिक प्रस्तुतियों के माध्यम से फिजियोथेरेपी के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। संचालन डॉ. संतोष झा, डॉ. संकेत बाजपेयी, डॉ. रूचि मिश्रा, डॉ. आशीष जयसवाल, डॉ. दीपा सेठिया, डॉ. लक्ष्मण गिडवानी, डॉ. गौरव शर्मा ने किया। समापन पर संकाय सदस्यों ने जन जागरूकता बढ़ाने का संदेश देते हुए छात्रों के प्रयासों की सराहना की।



### ब्रज वेशभूषा स्पर्धा में बाल स्वरूपों ने मोहा मन

**उज्जैन।** ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के तत्वावधान में ब्रज वेशभूषा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में 3 माह से लेकर 12 वर्ष तक के 147 बच्चों ने कृष्ण, गोपी, यमुनाजी और सुदामा आदि की वेशभूषा में सज-धज कर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि राजेश पोरवाल मजावदिया तथा विशेष अतिथि आलोक अग्रवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता महेश नागर ने की। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सैकड़ों वैष्णव जनों ने तालियां बजाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। 0 से 3 वर्ष, 4 से 8 वर्ष एवं 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित इस स्पर्धा के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन के संयोजक विट्ठल नागर, सह संयोजक आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा व अमित नागर तथा समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा व हेतल शाह थे। आयोजन में अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, पारुल शाह, डॉ. वर्षा चौरसिया, माधुरी नीमा, पायल नागर, हिमांशु दिसावल और अंकित लोया की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### आज सजेगी संगीत सरिता की सुरीली महफिल

**उज्जैन।** शहर के रसिक श्रोताओं के लिए संगीत सरिता म्यूज़िकल ग्रुप की ओर से 9 सितंबर को एक संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्य गृह में शाम 7.30 बजे से कराओके के माध्यम से नए और पुराने गीतों का गुलदस्ता पेश किया जाएगा। संस्था के संरक्षक रवींद्र अयाचित और संयोजक संजय देशपांडे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के कई नए और पुराने कलाकार अपनी सुरीली प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद एवं पूर्व महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष डॉ. राजश्री जोशी तथा सेवानिवृत्त डीएसपी सुभाष दुबे उपस्थित रहेंगे। आयोजकों और मुख्य अतिथियों ने शहर के सभी संगीत प्रेमी श्रोताओं से इस सांगीतिक आयोजन में उपस्थित होकर स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करने और सुमधुर गीतों का आनंद लेने की अपील की है।

# 50 किमी की सड़क, 30 किसान, 9 करोड़ रुपए मुआवजा

## सिंहस्थ मेला क्षेत्र में किसानों की बल्ले बल्ले ,अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बांटे चेक, किसान बोले विकास में हम भी भागीदार

**उज्जैन। समय बदलते देर नहीं लगती विकास प्राधिकरण हो या दूसरा कोई विभाग, जान दे देंगे मगर जमीन नहीं देंगे मुआवजा नहीं लेंगे, जैसे नारे उज्जैन में गुंजायमान हुआ करते थे, उसी सिंहस्थ क्षेत्र मे किसान कंधे से कंधा मिलाकर साथ आ रहे हैं, किसानों ने जो कदम आगे बढ़ाया है उसके बाद विकास की राह प्रशस्त होने वाली है।**

मंगलवार को सिंहस्थ मेला क्षेत्र में 30 किसानों को 9 करोड़ से अधिक के चेक जब विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने वितरित किए तो लगा कि समय बड़ा बलवान है। सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में सड़क और अधोसंरचना विकास के काम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और अतिथियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 50 किलोमीटर सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण और विकास कार्य उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए किसानों को समय पर उनका उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष किसानों की दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें भी शीघ्र मुआवजा दिया जाएगा।



### 30 किसानों को दिए चेक, सहमति से अधिग्रहण

इसी कड़ी में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने किसानों की जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 30 किसानों को मुआवजे के चेक वितरित किए। प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी ने किसानों की मौजूदगी में चेक वितरित किए। किसानों ने अपनी सहमति जताते हुए विकास कार्यों में भागीदार बनने की बात कही। सिंहस्थ 2028 के लिए जिन सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण प्रस्तावित है, उनके लिए आपसी सहमति से भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मुआवजा मिलने के बाद किसानों ने प्राधिकरण की प्रक्रिया पर संतोष जताया।

### यातायात व्यवस्था मजबूत होगी

महाकाल की नगरी में बनने वाली यह सड़कें केवल सिंहस्थ तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि भविष्य में भी उज्जैन की यातायात व्यवस्था को मजबूत करेंगी। शहर में चल रहे सड़क, पुल और अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को सिंहस्थ की जरूरतों के अनुरूप गति दी जा रही है। किसानों से सहमति से जमीन लेकर और उसका उचित मुआवजा देकर विकास की राह तैयार करना इस पूरी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पक्ष है। 30 किसानों को चेक वितरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## उज्जैन के 7 एसआई निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

**उज्जैन।** कार्यवाहक निरीक्षक और एसआई के पद पर पदस्थ प्रदेश के 223 पुलिसकर्मियों की पदोन्नति का आदेश रात में पुलिस मुख्यालय से जारी किया गया। सूची में उज्जैन की एक कार्यवाहक निरीक्षक और 6 एसआई को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

लंबे समय से प्रदेश में पुलिसकर्मी अपने पदोन्नति सूची का इंतजार कर रहे थे। रात में पुलिस मुख्यालय से सूची जारी की गई जिसमें प्रदेश के 223 कार्यवाहक निरीक्षक और एसआई स्तर के पुलिस कर्मियों को पदोन्नति किया गया है। उज्जैन में नरवर थाने का प्रभार संभाल रहे एसआई बल्लू मंडलोई, नील गंगा थाने पर पदस्थ मनोहर सिंह बड़ोदिया, बड़नगर थाने से विकास देवड़ा, महिदपुर थाने से अन्नपूर्णा कठेरिया, भेरूगढ़ थाने से दौलत सिंह रावत, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर से नेहा चौहान को निरीक्षक बनाया गया है। कार्यवाहक निरीक्षक का पद संभाल रहे अनिला कैथवास भी अब निरीक्षक बनाई गई है। रात में जारी हुई सूची में उज्जैन के साथ पुलिस कर्मियों के नाम शामिल होने पर सभी ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद होने की बात कही है। विदित हो कि उज्जैन से निरीक्षक बनाए गए कई पुलिसकर्मी उज्जैन में ही पदस्थ हो सकते हैं। कई थाना प्रभारी पूर्व में जारी हुई सूची में पदोन्नति हो चुके हैं और डीएसपी बनाए गए हैं जिन्हें आगामी दिनों में रिलीव कर दिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं पुलिस कर्मियों की भूमिका आगामी महाकुंभ में सबसे अधिक होगी।

## आत्महत्या करने वाली नाबालिग का शव रखकर चक्काजाम

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना अंतर्गत रूनिजा में मंगलवार को सुबह पास के गांव की नाबालिग लडकी ने घर पर ही जहर खाकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने शव बरामद कर उसका पोस्टमार्टम बडनगर में करवाया। परिजनों ने रूनिजा चौराहे पर शव रखकर ग्रामीणों के साथ चक्का जाम कर दिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 107 में पास के गांव के नाबालिग लडके पर प्रकरण दर्ज किया है। जांच कार्रवाई में जो भी दायरे में आएगा उसे सह आरोपी बनाया जाएगा। जानकारी सामने आई है कि नाबालिग लडकी एवं लडका शासकीय स्कूल में ही कक्षा 11 वीं में पडते थे। लडकी के कई दिनों तक स्कूल नहीं आने और त्रेमासिक परीक्षा की स्थिति में प्राचार्य ने दोनों के परिजनों को कुछ दिनों पूर्व बुलाकर मामले से अवगत करवाते हुए समझाईश दी थी। लडकी पिछले कई दिनों से स्कूल नहीं आ रही थी। लडकी एवं लडका दोनों ही अलग ङ्कअलग गांव एवं धर्म के होने की स्थिति में मामले को लव जिहाद के रूप में बताया जा रहा है। बकौल थाना प्रभारी चौधरी नाबालिग बच्ची को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में अपचारी को हिरासत में लिया गया है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने चौराहा पर शव रखकर चक्काजाम करते हुए प्रशासन एवं पुलिस के सामने लडके का मकान तोडने एवं उसका जुलूस निकालने की मांग रखी थी। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने लडके के गांव में स्थित मकान का अतिक्रमण भाग में टीन शेड एवं शौचालय तोड़ दिए थे लेकिन इसके बाद भी मांग थी की पूरा मकान तोड़ा जाए। चक्काजाम स्थल पर क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र पंड्या, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, करणी सेना के जीवनसिंह शेरपूर भी पहुंचे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण दीप सिंह के अनुसार दोनों ही स्कूली विद्यार्थी हैं, नाबालिग हैं। परिजनों को समझाईश दी गई है और उनकी मांग के अनुसार आरोपी पक्ष के मकान का अतिक्रमण का भाग हटाया गया है। प्रकरण में जांच के दौरान जिसकी भी संलिप्तता सामने आएगी उसे आरोपी बनाया जाएगा। पुलिस एवं प्रशासन चक्काजाम खुलवाने के लिए परिजनों एवं ग्रामीणों से बराबर बातचीत कर देर शाम चक्काजाम खुलवा दिया गया।

### रात में सोते समय मिस्त्री को बिच्छू ने तीन से चार जगह पर डंक मारा, उपचार जारी

**उज्जैन।** रात में सोते समय युवक को बिच्छू ने तीन से चार जगह डंक मारा। रात में ही उसे बिच्छू का जहर उतारने वाले के पास लेकर पहुंचे जहां मंत्र बड़े गए लेकिन युवक की हालत में सुधार नहीं आया मंगलवार सुबह उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घट्टिया तहसील के ग्राम निपानिया में हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। बाउंड्री वॉल बनाने के लिए शाजापुर के ग्राम गोंदिया से उमेश पिता दिलीप बंजारा 19 वर्ष आया हुआ है जो मंदिर परिसर में ही रात के समय सोता है। बीती रात वह गहरी नींद में था उसी दौरान बिच्छू ने उसके हाथ और शरीर पर तीन से चार जगह काट लिया। नींद खुलने पर बिच्छू पेट पर चिपका मिला। युवक ने उसे हटाया और निर्माण कार्य में लगे अन्य साथियों को जानकारी दी। रात में घुसे गांव में ही बिच्छू का जहर उतारने वाले के पास ले जाया गया जहां मंत्र पड़े गये और जहर उतारने की प्रक्रिया की गई, लेकिन युवक की हालत में कोई सुधार नहीं आया उसे सुबह चरक अस्पताल लाया गया है जहां डॉक्टरों ने हालात देखकर उपचार के लिए भर्ती किया है। डॉक्टर का कहना था कि जानवर के काटने पर तत्काल मेडिकल उपचार के लिए लोगों को अस्पताल पहुंचकर इलाज करना चाहिए। समय पर उपचार होने से पीड़ित की जान बच सकती है। पूर्व में भी कई बार सामने आ चुका है कि जहरीले जानवर काटने पर लोगों द्वारा जहर उतारने और तंत्र मंत्र करने वालों के चक्कर काटे जाते हैं लेकिन आखिरी में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ही आना पड़ता है।

## मिर्गी का दौरा पड़ने से शिप्रा नदी में गिरा युवक

- त्रिवेणी पुलिया पर हादसा तलाशी अभियान जारी

**उज्जैन। शनि मंदिर त्रिवेणी पुलिया से मंगलवार दोपहर मिर्गी का दौरा पढ़ने के बाद युवक शिप्रा नदी में गिर गया। खबर मिलते ही पुलिस और होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम मौके पर तलाशी के लिए पहुंच गई थी। देर शाम तक तलाशी अभियान जारी था।**



नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में त्रिवेणी स्थित पुलिया से एक युवक शिप्रा नदी में गिर गया है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची युवक की तलाश के लिए होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। युवक की जानकारी जुटाना पर सामने आया कि ग्राम शक्करवासा का रहने वाला राहुल पिता ओमप्रकाश 18 वर्ष है, जो एक हाथ से दिव्यांग है और मिर्गी की बीमारी से भी पीड़ित है। परिजन भी जानकारी लगने पर त्रिवेणी पुलिया पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि शनि मंदिर घूमने आया था और पैदल ही था संभवत: पुलिया से गुजरते समय पानी दिखाई देने पर उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह नदी में गिरा है। थाना प्रभारी कमल निगवाल के अनुसार युवक की तलाश दोपहर 2 बजे से की जा रही है लेकिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। अगर देर रात तक उसका पता नहीं चला तो बुधवार सुबह दोबारा सर्चिंग अभियान शुरू किया जाएगा फिलहाल स्थानीय गोताखोर भी उसकी तलाश में लगे हैं। युवक के गिरने की खबर के बाद पुलिया पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी जिसे पुलिस ने हटा दिया है।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय (चरक भवन), उज्जैन में वृद्धजनों हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 31 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांच एवं उपचार तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही आवश्यकता अनुसार पैथोलॉजी, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी की जांच कराई गई। फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा वृद्धजनों को जोड़ों एवं मांसपेशियों के दर्द, चलने-फिरने में कठिनाई एवं शारीरिक कमजोरी के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं व्यायाम की जानकारी दी गई। शिविर में जिला चिकित्सालय की सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, आर.एम.ओ. डॉ. चिन्मय चिंचोलोकर, एम.ओ. डॉ. निधि जैन, हिमांगी चौहान, वर्षा चौहान उपस्थित रहें एवं चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्ट, पैरामेडिकल एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की।

## 10 को सकल जैन समाज के 258 मेधावी बच्चों का होगा सम्मान

**उज्जैन।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप उज्जैन रीजन और दिगंबर जैन सोशल ग्रुप उज्जयिनी मेन के संयुक्त तत्वावधान में 10 सितंबर को राजेंद्र जैन सभागृह में सकल जैन समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें कक्षा 3 से 12वीं तक के 258 से अधिक बच्चों को मेडल, गाउन और उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल और समाजसेवी सिम्मी जैन की स्मृति में समर्पित रहेगा।

आयोजन प्रभारी जम्बू जैन धवल और नितिन दोषी ने बताया कि समारोह में जगदीश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मनोहर झांझरी, राकेश विनायका, अमित कासलीवाल और अश्विन कासलीवाल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता नवीन जैन करेंगे।

इस अवसर पर अहिंसा विषय पर विशाल चित्रकला स्पर्धा आयोजित की गई है। राजेंद्र जैन सभागृह में इसकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन दिनेश जैन और अजय पांडेय करेंगे। संचालन सोनाली कासलीवाल, रोशिता कासलीवाल, श्रुति बड़जात्या और वनीता सरावगी करेंगी।

### इनका भी होगा विशेष सम्मान

दिगंबर जैन ग्रुप के विपिन कासलीवाल और प्रदीप पंड्या ने बताया कि शिक्षक संजीव जैन और चेतन जैन राणा का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही नरेंद्र सोगनी, उदित बड़जात्या और संचालक मनोज बोहरा का भी स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में जैन समाज की सभी प्रमुख संस्थाओं और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, समाजजन और अभिभावक मौजूद रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे।



### नहीं मिला गांजा तस्कर, सप्लायर को जेल

**उज्जैन।** कार सवारों के बाद मिले 53 किलो गांजे के मामले में सप्लायर को गिरफ्तार करने के बाद तस्कर की तलाश में पुलिस की टीम ओडिशा पहुंची थी, लेकिन तस्कर का सुराग नहीं मिल पाया। सप्लायर की रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे जेल भेजा गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने 22 अगस्त को कानीपुरा मार्ग से बिना नम्बर की कार में सवार आदर्श नायक, साहिल हेला और तेजस वर्मा को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से 53 किलो 327 ग्राम गांजा मिला था। पूछताछ में तीनों ने ओडिशा से गांजा लाना बताया था। पुलिस की टीम ओडिशा पहुंची थी और भुवनेश्वर से गांजा उपलब्ध कराने वाले सचिन उर्फ जतीन पिता प्रकाशचंद्र डिंगल को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई थी। उसने मुख्य गांजा तस्कर खनेश्वर प्रधान का नाम कबूला था। पुलिस ने सचिन उर्फ जतीन को 8 दिनों की रिमांड पर लिया था और उसे ओडिशा लेकर पहुंची थी, जहां खनेश्वर प्रधान की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। टीम वापस लौट आई थी। एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि गांजा सप्लायर का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मुख्य तस्कर की तलाश जारी है, सुराग मिलने पर फिर से ओडिशा में दबिश दी जायेगी।

## एक नजर में

### प्रसाद की सुचारू आपूर्ति को बनाए रखने के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने सौंपी चाबी

# महाकाल मंदिर को आधुनिक लड्डू वाहन भेंट किया

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते लड्डू प्रसाद की मांग में वृद्धि दर्ज की गई है। लड्डू निर्माण इकाई से मंदिर परिसर और विभिन्न वितरण काउंटरों तक प्रसाद की सुचारू आपूर्ति एवं परिवहन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को एक नया लोडिंग वाहन भेंट किया है। मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक एवं उप-प्रशासक सिम्मी यादव ने प्रसाद निर्माण इकाई और वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एक अतिरिक्त वाहन की आवश्यकता जताई थी। इंडियन ओवरसीज बैंक ने सीएसआर फंड के माध्यम से यह वाहन उपलब्ध कराया। इस अवसर पर जयेश पीठवा, प्रेम नारायण, नवीन कुमार, कुलदीप पंड्या एवं विपिन सतोरिया उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने मंदिर के प्रशासनिक अधिकारियों को वाहन की चाबी सौंपी। प्रशासक प्रथम कौशिक और उप-प्रशासक सिम्मी यादव ने इंडियन ओवरसीज बैंक प्रबंधन तथा उपस्थित अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।




### आज गूंजेगी श्रीकृष्ण की बांसुरी

उज्जैन। संस्कार भारती उज्जैन द्वारा आज बुधवार शाम छह बजे कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास कला संकुल में श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन कार्यक्रम का किया है। जयंत तेलंग ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की पंद्रह कला संस्थाओं के लगभग दो सौ प्रतिभावान कलाकार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित अपनी नृत्यांजलि चरणों में समर्पित करेंगे। संचालन नृत्याचार्य पंडित सुदर्शन आयाचित करेंगे, जबकि संयोजन नृत्यगुरु इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची संभालेंगी।

## मुक्केबाजी और मलखंभ में चमके सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थी

- क्षेत्रीय स्पर्धा में जीते चार स्वर्ण व
- एक रजत, राष्ट्रीय के लिए चयन

**उज्जैन।** खाचरौद में आयोजित मुक्केबाजी एवं मलखंभ स्पर्धा में ऋषिनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। विद्यालय के खेल आचार्य प्रमुख आशा एवं कोच शुभम शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की। मुक्केबाजी में हर्षिता खेड़ेकर ने 42 किलोग्राम, दीपक एरवाल ने 52 और कनिष्क सिंह चौहान ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इसी तरह 30 किलोग्राम वर्ग में दिव्यांश चौधरी ने रजत पदक प्राप्त किया। मलखंभ प्रतियोगिता में भी विद्यालय की दिव्यांशी दयाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं

इस सफलता के आधार पर अब मुक्केबाजी दल के खिलाड़ी जयपुर में होने वाली अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। वहीं, मलखंभ खिलाड़ी दिव्यांशी विशाखापट्टनम में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय मलखंभ स्पर्धा में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।


### आम सूचना

इस सूचना से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बद्रीदास पिता बालमुकुन्ददास बैरागी निवासी ग्राम भैंसाना तहसील ताल द्वारा एक व्यवहार वाद न्यायाधीश महोदय वर्ग एक श्रीमति शेफालीसिंहजी के न्यायालय खाचरौद में प्रस्तुत किया है जो प्रकरण क्रमांक 24/2025 पर दर्ज होकर पेशी दिनांक 15/10/2026 नियत की गयी है। प्रस्तुत वाद में प्रतिवादी के रूप में निसार मौहम्मद पिता फकीर मोहम्मद निवासी जवाहर मार्ग खांचरौद को बनाया गया है। सूचना के दौरान ऐसी तामीली रिपोर्ट आयी है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। मृतक निसार मोहम्मद की पत्नी शबाबा बानो है को पक्षकार बनाते हुये उसे सूचना दिये जाने पर न्यायालय में यह रिपोर्ट आयी है कि वह कही चली गयी है यहां नहीं रहती है। न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार उसके निवास स्थान जवाहर मार्ग खाचरौद पर चस्पीदगी भी की जा चुकी है। इसी प्रकार न्यायालय आदेशानुसार दैनिक समाचार-पत्र में सूचना दिये जाने संबंधी भी आदेश दिये गये हैं। निसार मौहम्मद की मृत्यु होने से उसकी वैधानिक उत्तराधिकारी शबाबा बानो जहां कही भी निवासरत है उसे इस सूचना आम से सूचित किया जाता है कि वह उपरोक्त संबंधित न्यायालय में पेशी दिनांक 15/10/2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थिति की दशा मे न्यायालय द्वारा आवश्यक एवं वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

दिनांक-08/09/2026
प्रेषक
प्रवीण पण्ड्या एडवोकेट
खाचरौद जिला उज्जैन मप्र